भर्ती शाखा

पीड्ब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों हेतु प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न

क. स्क्राइब से संबंधित प्रश्न

1. क्या पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार को अपने साथ अपना स्क्राइब लाने की अनुमति है?

   उत्तर : जिन उम्मीदवारों को आयोग द्वारा परीक्षा में लिखने के लिए उनका अपना स्क्राइब लाने की अनुमति दी गई है और वह अपने साथ इस प्रयोजन के लिए आयोग द्वारा जारी किए गए मान्य स्क्राइब प्रवेश-पत्र को साथ लाते हैं, तो उन्हें ऐसे स्क्राइब की सहायता लेने की अनुमति होगी।

2. क्या उम्मीदवार को भर्ती परीक्षण से पूर्व उनका अपना स्क्राइब बदलने की अनुमति होगी?

   उत्तर : जिन उम्मीदवारों को आयोग द्वारा उनका अपना स्क्राइब लाने की अनुमति दी गई है, उन्हें बाद में आयोग को पूर्व सूचना दिए बिना अपना स्क्राइब बदलने की अनुमति नहीं होगी।

3. स्क्राइब उत्तरों को कैसे अंकित करेगा?

   उत्तर : स्क्राइब उम्मीदवार को प्रश्न पढ़कर सुनाएगा और उम्मीदवार के कहे अनुसार उत्तर अंकित करेगा।

4 क्या उम्मीदवार द्वारा साथ लाए गए स्क्राइब को आयोग द्वारा यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता का भुगतान किया जाएगा?

   उत्तर : उम्मीदवार द्वारा अपने साथ लाए गए स्क्राइब को आयोग द्वारा किसी भी प्रकार के यात्रा भत्ते/ दैनिक भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।

5. क्या स्क्राइब के लिए कोई शैक्षिक योग्यता निर्धारित है?

   उत्तर : आयोग के स्क्राइब तथा उम्मीदवार द्वारा अपने साथ लाए गए स्क्राइब की योग्यता, भर्ती परीक्षण की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मानदंड से अधिक नहीं होनी चाहिए। तथापि, सभी मामलों में स्क्राइब की योग्यता मैट्रिकुलेशन या उससे अधिक होनी चाहिए।

*****

ख. सामान्य प्रश्न

प्रश्न.1: क्या बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति उन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं जो पद बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए उपयुक्त नहीं हैं?

उत्तर.: बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति केवल उन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं जिन पदों को संगत श्रेणी की लिए उपयुक्त माना गया है।

प्रश्न.2: क्या बेंचमार्क विकलांगता वाले उम्मीदवार अनारक्षित रिक्तियों पर नियुक्ति हेतु प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं?

उत्तर: जी हाँ, बेंचमार्क विकलांगता वाले उम्मीदवार अनारक्षित रिक्ति के लिए सीधी भर्ती हेतु आवेदन कर सकते हैं और यदि चयन के शिथिल मानदण्डों के बिना उसका चयन सामान्य मेरिट पर किया गया हो, तो उसकी अनुशंसा इन पदों/ सेवाओं की अनारक्षित रिक्ति के लिए की जाएगी, जिनके लिए वे उपयुक्त हैं।

प्रश्न.3: विकलांगता की कौन सी श्रेणी के लिए पदों को आरक्षित/उपयुक्त किया जाता है?

उत्तर : विकलांगता की श्रेणियां जिनके लिए पद(दों)/रिक्ति(यों) को आरक्षित/उपयुक्त माना गया है, को संबंधित पद हेतु भर्ती विज्ञापन में दर्शाया गया है।

प्रश्न 4: पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा में कितनी छूट लागू है?

उत्तर : पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट के हकदार हैं और अधिकतम आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

प्रश्न 5: पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार में न्यूनतम उपयुक्तता अंक कितने होते हैं?

उत्तर: उम्मीदवारों को साक्षात्कार में 100 अंकों में से अंक दिए जाते हैं। अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए उपयुक्तता का न्यूनतम मानक 50 अंक हैं; पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार में उपयुक्तता का न्यूनतम स्तर 40 अंक है (शिथिल मानकों के आधार पर)।

प्रश्न6 : क्या पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान करना होता है?

उत्तर : पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने में छूट प्राप्त है।

प्रश्न 7 : क्या उम्मीदवार अपना आवेदन जमा करने के उपरांत उनमें परिवर्तन कर सकते हैं?

उत्तर : जी नहीं। आवेदन पत्र जमा करना अंतिम प्रक्रिया होती है और जमा करने के उपरांत इसमें कोई भी परिवर्तन नहीं किया जा सकता। तथापि यदि किसी उम्मीदवार ने गलत प्रविष्टियां करके आवेदन जमा किया है तो वह अंतिम तिथि के भीतर सही प्रविष्टियों के साथ नया आवेदन जमा कर सकता है और वही आवेदन पत्र उसके पूर्व आवेदन पत्र (पत्रों) का स्थान लेगा। तत्पश्चात, बाद में जमा किए गए आवेदन पत्र अर्थात जिसकी आवेदन संख्या बड़ी है, पर ही विचार किया जाएगा और पहले वाले आवेदन को निरस्त कर दिया जाएगा।

प्रश्न 8 : बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति की श्रेणी के तहत कौन व्यक्ति आता है?

उत्तर : दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 2(आर) के अनुसार, **"बेंचमार्क विकलांगता वाला व्यक्ति"** से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जिसकी कोई विशिष्ट विकलांगता 40 प्रतिशत से कम नहीं हो, जहां विशिष्ट विकलांगता को माप के रूप में परिभाषित नहीं किया गया हो और जिसमें विकलांग व्यक्ति शामिल है, जहां विशिष्ट विकलांगता को माप के रूप में जैसा प्रमाणित करने वाले प्राधिकारी द्‌वारा प्रमाणित किया गया हो परिभाषित किया गया है।